# डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन | श्रावण शुक्ल पक्ष 07 - 2082 | राजगढ, दिन गुरूवार, दिनांक 31 जुलाई 2025


## न्यूज गैलरी

### चौक बाउंस के मामले में आरोपी को 1 साल की सजा ब्यावरा चेक बाउंस के मामले में

**ब्यावरा।** अदालत ने शासकीय शिक्षक को एक सजा और 9 प्रतिशत ब्याज से राशि लौटाने का आदेश जारी किया है। सुठालिया के बेरियाखेड़ी निवासी शिक्षक अर्जुन सिंह पुत्र रघुवीर सिंह मीना से उसके साथी शिक्षक चाचाखेड़ी निवासी मुरारीलाल पुत्र हरिसिंह मीना ने 5 लाख रुपए उधार लिए थे। साथ ही पैसे के बदले अपने खाते का एक चौक दिया था। जब अर्जुन ने वह चौक बैंक में लगाया तो उसमें पैसे नहीं थे। इसके बाद उसने मुरारीलाल से अपने पैसे वापस मांगे तो वह आनाकानी करने लगा। जिसके बाद अर्जुनसिंह मीना ने अपने वकील राधेश शर्मा के जरिए अदालत में परिवाद दाखिल किया था। ब्यावरा में अदालत ने सुनवाई के दौरान आरोपी मुरारी लाल मीना को दोषी करार देते हुए एक साल की सजा और जुर्माने से दंडित किया

### 5 स्कूलों में बनाई जाएंगी 6 प्रयोगशालाएं, राशि स्वीकृत

**ब्यावरा।** मंत्री नारायण सिंह पवार के प्रयास से ब्यावरा विधानसभा में 5 स्कूलों के लिए 3.61 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत स्वीकृत हुई हैं। इस दौरान मलावर के हायर सेकंडरी स्कूल, जड़कड़ियाखेड़ी, सेमलापार, नापानेरा और बैरसिया के हाईस्कूल में 15 अतिरिक्त कक्ष और 6 प्रयोगशालाएं बनाई जाएगी। मंत्री पंवार ने कहा की यह राशि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत की गई है। स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष और प्रयोगशालाओं का निर्माण होने से छात्रों को पढ़ाई में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा सरकार शिक्षा को प्राथमिकता दे रही है। आने वाले समय में अधिक प्रयास किए जाएगे।

### जमीन पर तार फेंसिंग करने से रोकने पर मारपीट, केस

**ब्यावरा।** सिटी थाने के अंतर्गत कमलियाखेड़ी गांव में जमीन में पत्थर रख तार फेंसिंग करने से रोकने पर भाई ने भाई के साथ मारपीट कर दी। सिटी पुलिस ने युवक की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। यहां बता दें, फरियादी मोहन पुत्र रामचरण वर्मा 30 ने बताया कि मंगलवार सुबह 11 बजे कुएं पर था। उसी समय मेरा भाई दिनेश अपने साथी राधेश्याम वर्मा और बंशीलाल वर्मा साथ में पत्थर रखकर तार फेंसिंग करने लगे। जब मैने तार फेंसिंग करने से रोका तो तीनों ने मुझे गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर दी। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी दी है। मोहन की शिकायत पर सिटी पुलिस ने तीनों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है।

### -बिना बताए घर से लापता हो गई विवाहिता, केस

**ब्यावरा।** शहर के वल्लभ गार्डन के पास एक 25 वर्षीय विवाहिता बुधवार सुबह लापता हो गई। सास की शिकायत पर सिटी पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है। यहां बता दें, लक्ष्मीबाई पत्नी रघुवीर मेवाड़े 55 ने बताया कि वह मजदूरी करती है। बुधवार सुबह मजदूरी करती और सुबह मजदूरी करने गई थी। उस समय घर पर बहू राजकुमारी अकेली थी। सुबह 10 बजे घर लौटी तो बहू तो नहीं मिली। शहर के साथ आसपास रिश्तेदारों के घर पता किया, लेकिन बहू का कहीं भी पता नहीं चला।

## तीन मंजिला मकान गिरा, प्रशासन की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

# भवन का हिस्सा गिरा तो मानी अनदेखी, नपा ने अगले दिन गिराई पूरी इमारत

डीआर संवाददाता ▸▸ ब्यावरा

शहर के सुठालिया रोड पर जाटव समाज धर्मशाला के पास तेज बारिश के दौरान मंगलवार शाम नंदकिशोर जोशी की 3 मंजिला मकान की पहली मंजिल जमींदोज हो गई थी। = हालांकि मकान का हिस्सा गिरने से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई थी। तेज बारिश की वजह से बिल्डिंग की – दीवारों में दरारें होने के साथ जर्जर होती जा रही थी। बुधवार सुबह 8 बजे एक दर्जन कर्मचारियों के साथ नपा की टीम पोंकलेन लेकर सुठालिया रोड पहुंची और जर्जर बिल्डिंग – को गिरा दिया गया। मकान में रहने वाले लोगों का सामान बिल्डिंग से निकालकर सड़क पर रख दिया था। साथ ही सभी लोगों को बिल्डिंग से बाहर जाने की हिदायत दी गई – थी। सुबह 8 बजे बिल्डिंग गिराने की कार्रवाई शुरू हुई और दोपहर 12 बजे



तक बिल्डिंग लगभग 4-5 घंटे में बिल्डिंग को जमींदोज कर दिया गया। नपा की टीम पहुंचते ही आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ – को रोकने के लिए नपा की टीम ने सुठालिया रोड पर – दोनों तरफ बैरिकेड्स लगाकर रास्ता बंद कर दिया। साथ – ही आने-जाने वालों को रोक दिया। इसके साथ ही इसी बिल्डिंग के आसपास पांच लोगों को नपा द्वारा नाले और सड़क किनारे अतिक्रमण करने पर नोटिस जारी किया गया है। सीएमओ इकरार अहमद का कहना है कि सुठालिया रोड पर बीते कई दिनों से जर्जर बिल्डिंग में लोगों के निवास करने की सूचना मिल रही थी। मंगलवार शाम को बिल्डिंग का निचला हिस्सा गिर गया था। – जिसके बाद बुधवार सुबह नपा की टीम ने जर्जर बिल्डिंग को गिरा दिया है। इसके साथ ही शहर में जिन जगहों पर ऐसी जर्जर बिल्डिंग है, उन्हें हटाया जाएगा।

सीएमओ ने कहा- जल्द सुठालिया रोड से अतिक्रमण हटाया जाएगा, पांच को नोटिस

सुठालिया रोड पर जर्जर बिल्डिंग को जमींदोज करती नपा की टीम।

सड़क पर रखा रहा सामान

शनि मंदिर और बिल्डिंग की देखरेख की जिम्मेदारी संचालक कमला बाई की है। मंदिर परिसर में उनका गृहस्थी का सामान रखा था। मंगलवार शाम को हुई बारिश के बाद दीवार का एक हिस्सा टूटकर गिर गया था। बुधवार को नपा की टीम ने बिल्डिंग तोड़ने के पहले मंदिर में रखा कमला बाई का सामान सड़क किनारे रखकर कार्रवाई शुरु कर दी। लगभग 2 घंटे से अधिक समय तक उनका सामान सड़क पर रखा रहा। बाद में परिजनों की मदद से सामान को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया। कमला बाई के परिजनों द्वारा बताया कि नपा की टीम ने सामान उठाने का समय नहीं दिया, जिससे जल्दबाजी में बिल्डिंग के भीतर से सामान उठाकर सड़क पर रख लिया है।

**सुठालिया रोड से मकानों के अतिक्रमण हटाए जाएंगे, नोटिस दिया गया**

सीएमओ इकरार अहमद सुठालिया रोड पर बुधवार को नपा द्वारा शनि मंदिर की बिल्डिंग को तोड़ दिया है। साथ ही बिल्डिंग के आसपास 5 लोगों को दिया गया है। अतिक्रमण करने पर नोटिस दिया गया है इसके अलावा ढकोरा रोड से ओल्ड एबी तक सड़क के दोनों तरफ दुकानदारों और मकान मालिकों द्वारा अतिक्रमण कर लिय है। कई जगहों पर नाले के साथ सड़क पर लोगों ने स्थाई निर्माण भी कर लिए है। टीम लगातार सुठालिया रोड पर सर्वे कर रही है। जल्द ही अतिक्रमण हटाया जाएगा।

## करंट की चपेट में आए दो दिव्यांग, मौत

डीआर संवाददाता ▸▸ अशोकनगर



जिले के चंदेरी कस्बे में बुधवार को करंट लगने से "दो दिव्यांगों की दर्दनाक मौत" हो गई। हादसा "धुबिया तालाब के पीछे" हुआ, जहां एक "बिजली के खंभे से अवैध रूप से डाला गया तार" मौत की वजह बन गया। मृतकों की पहचान "23 वर्षीय अजय पुत्र प्रकाश बरार" और "60 वर्षीय हनीफ पुत्र हबीब खान" के रूप में हुई है।

अजय जामा मस्जिद के पीछे रहता था और चल नहीं सकता था। वहीं हनीफ बादल महल के पीछे रहते थे और "बोल व सुन नहीं सकते थे।" अजय रोज की तरह "बकरियां चराने" गया था, जबकि हनीफ पैदल घूमने निकले थे। देर शाम तक जब दोनों घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने तलाश शुरू की और "धुबिया तालाब के पास" दोनों के शव पड़े मिले।

स्थानीय लोगों ने बताया कि "जिस खंभे से तार निकाला गया था, उसमें लगातार करंट था", लेकिन इसकी जानकारी न तो बिजली विभाग को दी गई थी और न ही प्रशासन ने कभी मौके का निरीक्षण किया। "दोनों शवों के बीच थोड़ी ही दूरी" थी, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि पहले एक को करंट लगा और दूसरे ने बचाने की कोशिश की होगी।

घटना की सूचना मिलते ही "पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहुंचे", शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। प्रशासन ने "मामले की जांच शुरू कर दी है" और "लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई" की बात कही है।

स्थानीय लोगों में इस हादसे को लेकर "गहरा आक्रोश" है। वे मांग कर रहे हैं कि बिजली विभाग और अवैध कनेक्शन देने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

"प्रशासन ने अस्थायी रूप से उस खंभे से बिजली सप्लाई बंद कर दी है" और तकनीकी टीम को वायरिंग की जांच के निर्देश दिए हैं। चंदेरी के नागरिकों ने दोषियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की भी मांग की है।

## छात्रों के भविष्य को लेकर चिंता, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता ▸▸ राजगढ



अशोकनगर में सामान्य वर्ग को आरक्षण देने, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र प्रक्रिया में सुधार और समान अवसर की मांग को लेकर बुधवार को सवर्ण समाज ने रैली निकाली। गांधी पार्क से कलेक्ट्रेट तक निकाली गई रैली में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। प्रतिनिधियों ने नायब तहसीलदार कार्तिकेय मुदगिल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा गया कि सामान्य वर्ग के युवाओं को आरक्षण व्यवस्था के चलते प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरियों में अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। इससे उनमें हीनभावना और निराशा उत्पन्न हो रही है।

समाज के लोगों ने यह भी कहा कि प्रतिभाशाली युवा विदेशों की ओर पलायन कर रहे हैं, जो देश के लिए नुकसानदायक है। उन्होंने ै प्रमाण पत्र की वैधता अवधि को एक वर्ष से बढ़ाकर कम से कम पांच वर्ष करने और उसकी प्रक्रिया को आसान बनाने की मांग की। इसके साथ ही केंद्रीय विद्यालय में लॉटरी प्रणाली के कथित उल्लंघन को लेकर भी नाराजगी जताई गई। समाज ने स्पष्ट किया कि वे किसी भी वर्ग के आरक्षण के विरोध में नहीं हैं, लेकिन सामान्य वर्ग को समान अवसर और संवैधानिक संरक्षण मिलना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रपति से इन मांगों पर गंभीर विचार की अपील की।

## निकासी न होने से प्लॉट जलमग्न

डीआर संवाददाता ▸▸ अशोकनगर



शहर में पानी की निकासी की बेहतर व्यवस्था नहीं होने से कॉलोनियों में स्थित खाली प्लाटों में बारिश का पानी भर जाता है। पानी भरने से यह प्लाट तालाब जैसे नजर आते हैं, इससे इन प्लाटों में भरा गंदा पानी सड़ता रहता है। इससे दिन भर बदबू उठती रहती है। इसके चलते यहां से निकलने वाले लोगों को भारी परेशानी होती है। वहीं प्लाटों में भरे पानी में मच्छरों का लावा पनप रहा है।। मच्छरों के साथ ही इस पानी से सांप, बिच्छू जैसे जहरीले जंतु भी निकलते हैं।

### लड़की की आवाज में बात कर लोगों को फंसाता



**गुना ।** फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर लड़की की आवाज में बात करके लोगों को फंसाने वाले एक ठग को पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया है। आरोपी आरोन का रहने वाला है और उसे यहीं के दो लोगों को फंसा लिया था। पहले उसने एक युवक को फंसाकर अश्लील वीडियो लिया और रुपयों की मांग की। रुपए नहीं देने पर उसका वीडियो वायरल कर दिया। आरोपी ने उसके ही एक रिश्तेदार को भी इसी तरह फंसाया पकड़े गए आरोपी के साथ पुलिस टीमऔर धमकाकर 10 हजार रुपए ऐंठ भी लिए। शिकायत पर आरोन थाने से एक टीम इंदौर रवाना हुई और आरोपी की लोकेशन को ट्रेस करते हुए दीपक उर्फ देवानंद प्रजापति उम्र 24 साल को गिरफ्तार कर लिया।

## ट्रेन की चपेट में आया युवक, दोनों पैर कटे

डीआर संवाददाता ▸▸ राजगढ



अशोकनगर रेलवे स्टेशन के पास रविवार रात एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसके दोनों पैर कटकर अलग हो गए। यह दर्दनाक हादसा रात करीब 11 बजे रातीखेड़ा की ओर हुआ। वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने युवक को तड़पते हुए देखा और तुरंत स्टेशन मास्टर को सूचना दी, जिन्होंने जीआरपी पुलिस को खबर दी।

पुलिस ने तत्काल युवक को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे भोपाल रेफर कर दिया गया।

घायल युवक की पहचान गौरव पुत्र पवन सिलावट (23 वर्ष) के रूप में हुई है, जो अशोकनगर की त्रिलोकपुरी कॉलोनी का निवासी है। पुलिस ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवक किस ट्रेन की चपेट में आया। हादसे की जानकारी मिलने पर परिजन तुरंत अस्पताल पहुंचे, जिससे यह नहीं पता चल सका कि युवक किस कारण रेलवे ट्रैक पर गया था। जीआरपी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नहाने गया युवक फंसा, रेस्क्यू कर बचाई जान

डीआर संवाददाता ▸▸ राजगढ



अशोकनगर के अखेबर मंदिर के पास स्थित तालाब में डूबे 20 वर्षीय युवक रितिक बैरागी का शव सोमवार सुबह एसडीआरएफ की टीम ने सर्चिंग के दौरान बरामद कर लिया। रितिक, कचनार थाना क्षेत्र के तिगरी गांव का निवासी था और रविवार को अपने दोस्तों संकेत जैन और भरत यादव के साथ मंदिर दर्शन के लिए आया था। दर्शन के बाद तीनों मंदिर के पीछे एक बरगद के पेड़ के पास पहुंचे, जहां से अमाही तालाब फैला हुआ था। तैरना जानने के बावजूद नहाते वक्त रितिक गहराई में चला गया और डूब गया।

घटना की सूचना मिलते ही टीआई भुवनेश शर्मा मौके पर पहुंचे और एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। रविवार शाम तक चला सर्च ऑपरेशन असफल रहा, लेकिन सोमवार सुबह फिर से खोजबीन शुरू की गई। कुछ ही देर में रितिक का शव उस स्थान से कुछ दूरी पर मिला जहां वह डूबा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हादसे से गांव और परिजन में शोक का माहौल है।

**बारिश का कहर** कलेक्टर-एसपी मौके पर पहुंचे, राजघाट डेम के 16 गेट खोलने से कई मार्ग बंद

## भाटोली में रात 2 बजे चार लोगों का रेस्क्यू, पुलिया पार करते युवक की मौत

डीआर संवाददाता ▸▸ अशोकनगर



भटोली गांव के रेस्क्यू के दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह व एसपी विनीत कुमार जैन।

जिले में बीते 24 घंटों से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। "ग्राम भाटोली" में नदी की बाढ़ में फंसे चार लोगों को "एसडीआरएफ" ने देर रात 2 बजे रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। ये लोग खेत से पाइप लेने गए थे और लौटते समय बाढ़ में फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही "कलेक्टर आदित्य सिंह और एसपी विनीत कुमार जैन" रात 12.30 बजे मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी की। सभी लोगों का मौके पर ही स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

वहीं दूसरी तरफ, "ईसागढ के गहोरा गांव" में "31 वर्षीय युवक राहुल शर्मा" तेज बहाव में बह गया। वह रात करीब 1 बजे बाइक से पुलिया पार करते समय बहाव की चपेट में आ गया। पुलिया पर "पुलिस द्वारा बैरिकेड्स लगाए गए थे", लेकिन युवक ने चेतावनी को नजरअंदाज कर पुल पार करने की कोशिश की। सुबह उसकी बाइक पुलिया के पास और शव करीब 1 किलोमीटर दूर झाड़ियों में फंसा मिला। मौके पर "एसडीएम रचना शर्मा", तहसीलदार और थाना प्रभारी पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया।

राजघाट डेम के 16 गेट खोले जाने से ललितपुर मार्ग बंद" हो गया है। डेम से 3.58 लाख क्यूसेक पानी प्रति सेकंड छोड़ा जा रहा है, जिससे नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया है और कई ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क टूट गया है। "ग्राम शंकरपुर मगरदा" में बाढ़ के कारण कई घरों में पानी घुस गया, जिससे घरेलू सामान पूरी तरह खराब हो गया। लोगों का राशन और जरूरत का सामान तक बह गया।

बारिश से जिले में अब तक "10 से अधिक मकान ढह चुके हैं", जिससे कई परिवार बेघर हो गए हैं। "ईसागढ में सर्वाधिक 9.64 इंच, अशोकनगर में 6.06 इंच, चंदेरी में 1.77 इंच और मुंगावली में 2 12 इंच वर्षा" दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है। ग्रामीण इलाकों में "स्वास्थ्य, पेयजल और आवागमन" को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कलेक्टर ने जिले के सभी अधिकारियों को चौबीसों घंटे फील्ड में रहने के निर्देश दिए है।

अधिक बारिश के कारण शहर के निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। "नगर पालिका द्वारा पानी की निकासी के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से" कई कॉलोनियों और सड़कों पर पानी भर गया है। लोग घरों में कैद हैं और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। "बिजली आपूर्ति भी बाधित" रही।

## 5 बाइकों के साथ पकड़ा चोर

डीआर संवाददाता ▸▸ गुना



शहर की कैंट थाना पुलिस ने एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े गए आरोपी से पुलिस ने पांच चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनमें एक बाइक पुलिस लाइन से चोरी की गई थी।

कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव की टीम ने अशोकनगर रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान एक काले रंग की बाइक से आ रहे व्यक्ति को रोका। पूछताछ में उसने अपना नाम पहलवान सिंह कुशवाह (उम्र 36) निवासी ग्राम कान्हाखेड़ी थाना कुम्भराज बताया। जब उससे बाइक के दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई वैध कागजात नहीं दिखा सका।

बाइक संदिग्ध लगने पर जब पुलिस ने बारीकी से जांच की, तो पता चला कि यह वाहन कैंट थाना क्षेत्र से चोरी हुआ था। सख्ती से पूछताछ में आरोपी पहलवान सिंह ने स्वीकार किया कि उसने यह बाइक एसएएफ कॉलोनी से करीब 3-4 महीने पहले चोरी की थी। साथ ही गुना शहर के अलग-अलग इलाकों से चार और बाइक चोरी करना भी कबूल किया।

**मार्च में हुई थीं बाइक चोरी की शिकायतें**

16 मार्च को गौरव सिंह परिहार और उनके परिचित आशीष तोमर ने अपनी-अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट कैंट थाने में दर्ज कराई थी।